कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-03.07.2024

विषयः- अवैध खनन करने के मामले मे 03 नफ़र अभियुक्तगण थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, मौके पर बरामद 01 अदद जे0सी0बी0 व 02 अदद ट्रैक्टर मय ट्राली सीज।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अवैध खनन/परिवहन, अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मियां बस्ती लश्करपुर में जे0सी0बी0 से कुछ लोगो द्वारा अवैध खनन किये जाने की मुखबिरी सूचना पर त्वरित कार्यावही करते हुए आज दिनांक-03.07.2024 को समय 00.35 बजे दबिश देकर मौके से 03 नफ़र अभियुक्तगण 1- शिवचन्द्र यादव पुत्र स्व0 दूधनाथ यादव नि0 ग्राम रामगांव थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, 2- अनिल यादव पुत्र रामनाथ यादव नि0 चोलापुर थाना चोलापुर जनपद वाराणसी व 3- राहुल यादव पुत्र रामजीत यादव नि0 गोसाईपुर पठखौली थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया गया तथा मौके पर बरामद वाहनों 01 अदद जे0सी0बी0 व 02 अदद ट्रैक्टर मय ट्राली को सीज किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0222/2024 धारा 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्तगण से पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगण शिवचन्द्र यादव, अनिल यादव व राहुल यादव ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग चोरी से रात्रि में मिट्टी खोद कर ले जाने के लिए आये थे कि अचानक से आप लोग आ गये, जिससे हम लोग पकड़े जाने के डर से मौके से भाग रहे थे लेकिन आप लोगों ने हमे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1- शिवचन्द्र यादव पुत्र स्व0 दूधनाथ यादव नि0 ग्राम रामगांव थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र 40 वर्ष।
2- अनिल यादव पुत्र रामनाथ यादव नि0 चोलापुर थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र 28 वर्ष।
3- राहुल यादव पुत्र रामजीत यादव नि0 गोसाईपुर पठखौली थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र 30 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान - दिनांक-03.07.204 को समय 00.35 बजे मियां बस्ती लश्करपुर थाना चोलापुर जनपद वाराणसी से।

बरामदगी का विवरण- मौके से बरामद वाहनों 01 अदद जे0सी0बी0 जिसका चेचिस नं0 HAR3DXSST02608443 तथा 02 सोनालिका ट्रैक्टर मय ट्राली जिसका चेचिस नं0 BYADP04853S3 व सोनालिका ट्रैक्टर मय ट्राली चेचिस नं0 HYADK1329156S3 को सीज किया गया।

गिरफ़्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1- उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- उ0नि0 रामप्रवेश गौतम थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- हे0का0 नरेन्द्र यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4- हे0का0 रामबचन यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।